सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-200
25/04/2017

# किसी भी सूरत में गुणवता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिये :— मुख्यमंत्री

पटना, 25 अप्रैल 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार स्टेट रोडवेज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के 8वें स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बी0एस0आर0डी0सी0एल0 परिवार को 8वें स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनायें देता हूॅ। उन्होंने कहा कि इससे पहले विरासत रथ को रवाना किया तथा बापू के जीवन पर आधारित उच्च कोटि के फिल्मों के प्रदर्शन को देखा। उन्होंने कहा कि श्याम बेनेगल द्वारा बनायी गयी फिल्म 'मेकिंग ऑफ महात्मा' को देखा। फिल्म इतनी अच्छी थी कि उसको छोड़कर आना संभव नहीं था इसलिये कार्यक्रम में विलंब से आया हूॅ। उन्होंने कहा कि बी0एस0आर0डी0सी0एल0 की स्थापना आठ वर्ष पूर्व की गयी थी। इन आठ सालों में संस्थान कितना आगे आ गया। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण हेतु प्रॉपर संस्थान होना चाहिये था इसलिये बी0एस0आर0डी0सी0एल0 को बनाया गया। उन्होंने कहा कि बी0एस0आर0डी0सी0एल0 की बहुत सारी योजनायें चल रही है। दीघा—सोनपुर को जोड़ने वाली पुल का निर्माण हो रहा है। इस पुल में एलिवेटेड एप्रोच्च सड़क बनायी जा रही है। यह अपने आप में युनिक रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बेली रोड से दानापुर जाने में देर होती थी। कंजेशन को देखते हुये फ्लाई ओवर का निर्माण कराया गया। शुरू में दुकानदारों द्वारा आपति उठायी गयी। दुकानदारों को समझाया गया कि आपके दुकान पर इसका कोई असर नहीं होगा। नई चीज सोचने पर शुरू—शुरू में गलतफहमी होती हैं अब फ्लाई ओवर बनने के बाद सबको फायदा हो रहा है। आज पॉच से सात मिनट में सगुना मोड़ पहुॅच जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब हम आगे बढ़ रहे हैं। लोहिया पथ चक्र का निर्माण हो रहा है। यह देश में पहला ऐसा पथ चक्र होगा, यह देश के लिये एक अभिनव प्रयोग है। उन्होंने कहा कि अनेक काम हो रहा है। काम होने के बाद लोगों को आने—जाने में काफी सहुलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हमने लक्ष्य निर्धारित किया था कि बिहार के किसी भी कोने से राजधानी पटना पहुॅचने में छह घंटे से कम का समय लगे। इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है। अब लक्ष्य रखा गया है कि बिहार के किसी भी सुदूर कोने से पटना राजधानी पहुॅचने में पॉच घंटे से कम समय लगे, पथ निर्माण विभाग द्वारा इसे ध्यान में रखते हुये काफी काम किया जा रहा है। कई सड़कें बनायी जा रही है, सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। नये एलायनमेंट का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में जो काम हो रहा है, उसमें बी0एस0आर0डी0सी0एल0 की भूमिका अग्रणी है। मैं शुभकामना देता हूॅ कि आप इसी तरह से अपना काम करते रहें। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ—साथ सड़क सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी है। शराबबंदी के साथ—साथ सड़क दुर्घटना के लिये जिम्मेवार अन्य कारणों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। रोड सेफ्टी फंड भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में अदभूत गति से काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहॉ आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है।

बहुत लोगों ने यह प्रचारित किया था कि शराबबंदी लागू होने के पश्चात बिहार में आने वाले पर्यटकों की संख्या घट जायेगी। हमने कहा था कि बिहार में लोग शराब पीने नहीं आते हैं बल्कि विभिन्न स्थानों का दर्शन करने आते हैं। आने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुयी है। विदेशी पर्यटकों की संख्या में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुयी है। उसी को ध्यान में रखते हुये महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ने का काम किया गया है। गया का उदाहरण देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि गया मोक्ष एवं ज्ञान की भूमि है। ऐसी जगह काफी संख्या में लोग आते हैं। जो लोग गया आते हैं, वे राजगीर समेत अन्य जगह भी जाते हैं। विभिन्न स्थलों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है ताकि लोग कहीं से कहीं जा सकें। उन्होंने कहा कि सड़क नेटवर्क में इम्प्रुवमेंट से और बड़ी संख्या में पर्यटक बिहार आयेंगे। बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में बहुत बड़ी संभावना है। जरूरी है कि हमारा सड़क नेटवर्क अच्छा हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण सड़क पर भी उसी तरह काम कर रहे हैं। छुटे हुये टोलों को जोड़ने के लिये सात निश्चय योजना लायी गयी। ढ़ाई सौ तक की आबादी वाले बसावटों को जोड़ने की योजना राज्य सरकार की अपनी योजना है। उन्होंने कहा कि हमने नीति आयोग की बैठक में भी यह बात उठायी है कि क्षेत्रीय असामनता को दूर किया जाय। देश में आज विकास के द्वीप बन गये हैं। पूरे देश का विकास दर सीमित जगहों के विकास पर निर्भर है। अगर पूरे जगह उसी तरह विकास हो तो हमारे देश का विकास दर कितना बढ़ जायेगा। हम विकास में चीन को काफी पीछे छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हर राज्य की अपनी खूबी और अपनी समस्यायें हैं। अगर समुचित विकास करना चाहते हैं तो अलग–अलग राज्यों के साथ विमर्श कर नीति बनायें। उन्होंने कहा कि हमारे यहॉ पर्यटन, कृषि क्षेत्र में काफी संभावनायें हैं। हमारे युवा काफी प्रतिभावशाली हैं। अगर इन सबका सही उपयोग हो तो हम देश के विकास में कितना योगदान कर सकते हैं। हमारी समस्या है जनसंख्या घनत्व। हम एक लैंडलॉक स्टेट हैं। साथ ही हम हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं। हमारी समस्याओं को देखते हुये विजन बनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से बिहार का विकास दर दो अंकों में रहा है, फिर भी हमारा प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। बिहार के समस्याओं के समाधान के लिये बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहॉ कृषि के क्षेत्र में काफी विकास हो रहा है। हमारे किसान मेहनती हैं। उन्होंने कहा कि इस विकास का एक प्रमुख कारण यातायात की सुविधा बढ़ना है, जिसके कारण आज किसी स्थान पर कोई भी चीज लगाया जा सकता है। बिहार की मिट्टी इतनी उपजाऊ है कि हम जो भी चाहें उपजा सकते हैं। उदाहरण समस्तीपुर का ले लीजिये। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग अच्छा काम कर रहा है। उप मुख्यमंत्री युवा नेता हैं, पूरी मेहनत से काम कर रहे हैं, साथ ही विभाग के अधिकारी भी मेहनत से काम कर रहे हैं। यह काम चलता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सूरत में गुणवता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिये।

समारोह को संबोधित करते हुये उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि वर्ष 2016–17 में बी0एस0आर0डी0सी0एल0 द्वारा रिकॉर्ड स्थापित करते हुये 4200 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है। हमें सभी का योगदान मिल रहा है। हमारा स्पर्द्धा अपने आप से है। गुणवतापूर्ण सड़क निर्माण हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा बी0एस0आर0डी0सी0एल0 की विवरणिका का लोकार्पण किया गया तथा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने के लिये श्री विजय शंकर, श्री लक्ष्मी प्रसाद चौहान, श्री आलोक कुमार, श्री आशुतोष कुमार सिंह, श्री राजेन्द्र गुप्ता, श्री चमन प्रकाश सिन्हा, श्री रमेश कुमार सिंह, श्री कृष्ण मुरारी, श्री रजनीश कुमार, श्री सुरेश प्रसाद सिंह, श्री उमेश राय, श्री बिनोद कुमार तिवारी सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बी0एस0आर0डी0सी0एल0 की

तरफ से मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्यमंत्री द्वारा बी0एस0आर0डी0सी0एल0 के सभागार का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार सहित बी0एस0आर0डी0सी0एल0 के वरीय अधिकारी, अभियंता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******